# अनुदान संख्या 33 – करेंसी, सिक्का निर्माण और स्टाम्प
# GRANT No. 33–CURRENCY, COINAGE AND STAMPS

| | | कुल अनुदान या विनियोग<br>Total grant or appropriation | वास्तविक व्यय<br>Actual expenditure | बचत-<br>Saving– |
|---|---|---|---|---|
| | | | | (हजार रुपयों में)<br>(In thousands of rupees) |
| **राजस्व:** | **Revenue:** | | | |
| *प्रभारित-* | *Charged–* | *63,00* | *1,20* | *–61,80* |
| *वर्ष के दौरान अभ्यर्पित राशि* | *Amount surrendered during the year* | | | *33,48* |
| स्वीकृत- | Voted– | 933,82,00 | 862,47,48 | –71,34,52 |
| वर्ष के दौरान अभ्यर्पित राशि | Amount surrendered during the year | | | 36,16,25 |
| **पूंजीगत:** | **Capital:** | | | |
| स्वीकृत- | Voted– | 491,50,00 | 248,40,61 | –243,09,39 |
| वर्ष के दौरान अभ्यर्पित राशि | Amount surrendered during the year | | | 207,17,94 |

*टीका और टिप्पणियां*

1. अनुदान के राजस्व भाग के *प्रभारित* अंश में, *49.00 लाख रु.* का *विनियोग* तीन शीर्षों के अंतर्गत पूर्णतया अप्रयुक्त रहा।

2. अनुदान के राजस्व भाग के स्वीकृत अंश में, बचतें/अधिक व्यय निम्नलिखित मुख्य शीर्षों के अंतर्गत हुईं/हुआ:-

***Notes and comments***

1. In the *charged* portion of the revenue section of the grant, *appropriation* of *Rs.49.00 lakhs* remained wholly unutilised under three heads.

2. In the voted portion of the revenue section of the grant, savings/excess occurred under the following major heads:-

(लाख रुपयों में)
(In lakhs of rupees)

| शीर्ष | Head | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मुख्य शीर्ष "2046" करेंसी, सिक्का ढलाई तथा टकसाल | Major Head "2046" Currency, Coinage and Mint | | | | |
| मू. | O. | 68282.00 | 64368.24 | 61129.95 | –3238.29 |
| पु. | R. | –3913.76 | | | |

| शीर्ष | Head | | कुल अनुदान Total grant | वास्तविक व्यय Actual expenditure | बचत- Saving– |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | (लाख रुपयों में) (In lakhs of rupees) |
| मुख्य शीर्ष "2047" अन्य राजकोषीय सेवाएं | Major Head "2047" Other Fiscal Services | | | | |
| मू. | O. | 25100.00 | 25397.51 | 25117.53 | –279.98 |
| पु. | R. | 297.51 | | | |

(I) 152.65 लाख रु. का प्रावधान मुख्य शीर्ष "2046"- "टकसाल - निर्माण कार्य" के अंतर्गत केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा निधियों का उपयोग न किए जाने के कारण एक मामले में पूर्णतया अप्रयुक्त रहा।

(I) Provision of Rs.152.65 lakhs remained wholly unutilised in one case under Major Head "2046"-"Mint-Works"- due to non-utilisation of funds by the Central Public Works Department .

(II) मुख्य शीर्ष "2046" के अंतर्गत बचतें निम्नलिखित शीर्षों के अंतर्गत हुईं:-

(II) Under Major Head "2046" - savings occurred under the following heads:-

(का) "करेंसी नोट मुद्रणालय - प्रचालन तथा रख-रखाव" - 1316.81 लाख रु. की बचत (6112.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) प्रस्ताव को अंतिम रूप न दिए जाने की वजह से करेंसी वाटरमार्कयुक्त बैंक नोट कागज की अधिप्राप्ति न किए जाने के कारण हुई।

(A) "Currency Note Press- Operation and Maintenance"-saving of Rs. 1316.81 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.6112.00 lakhs) was due to non-procurement of currency watermarked bank note paper owing to non-finalisation of proposal.

(खा) "बैंक नोट मुद्रणालय" -

(B) "Bank Note Press" –

(क) "प्रबंधन" - 537.58 लाख रु. की बचत (5048.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) दरों में कमी आने की वजह से प्रोत्साहन की कम अदायगी किए जाने और रिक्त पदों के न भरे जाने के कारण हुई।

(a) "Management"- saving of Rs.537.58 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.5048.00 lakhs) was due to payment of less incentive owing to reduction in rates and non-filling of vacant posts.

(ख) "प्रचालन तथा रख-रखाव" - 1337.72 लाख रु. की बचत (8864.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) विदेशी आपूर्तिकर्ताओं से आयातित हिस्से - पुर्जों और वाटरमार्कयुक्त कागज की कम अधिप्राप्ति किए जाने के कारण हुई।

(b) "Operation and Maintenance"-saving of Rs.1337.72 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.8864.00 lakhs) was due to less procurement of imported spares and water marked paper from foreign suppliers.

(ग) "अन्य व्यय" - 326.71 लाख रु. की बचत (10031.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) कुछ मशीनरियों तथा उपस्करों की अधिप्राप्ति न किए जाने की वजह से सरकारी पूंजी कम लगाए जाने के कारण हुई।

(c) "Other Expenditure" – saving of Rs.326.71 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.10031.00 lakhs) was due to less deployment of Government capital owing to non-procurement of certain machineries and equipments.

(गा) ''प्रतिभूति पेपर मिल''

(क) ''प्रबंधन'' - 293.97 लाख रु. की बचत (3500.30 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) समूह प्रोत्साहन की कम अदायगी किए जाने तथा तदर्थ बोनस की अदायगी न किए जाने के कारण हुई।

(ख) ''प्रचालन तथा रख-रखाव'' - 853.86 लाख रु. की बचत (6323.70 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) धीमे उत्पादन की वजह से कच्चे माल की कम अधिप्राप्ति किए जाने के कारण हुई।

(ग) ''अन्य व्यय'' - 102.17 लाख रु. की बचत (674.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) कुछ मशीनरियों तथा उपस्करों की अधिप्राप्ति न किए जाने के कारण हुई।

(घा) ''सिक्का ढलाई पर हानि - वापस लिए गए सिक्कों को विनष्ट करने पर हुई हानि'' - 279.10 लाख रु. की बचत (390.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) प्रक्रियात्यक हानियां कम होने और सिक्कों का उत्पादन कम होने के कारण हुई।

(ङ) ''टकसाल - प्रबंधन तथा स्थापना'' - 2184.39 लाख रु. की बचत (13240.15 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) दरों में कमी आने की वजह से कम प्रोत्साहन की अदायगी किए जाने तथा भारत सरकार टकसाल, कोलकाता में उत्पादन में अत्यधिक कमी आने के कारण हुई।

(III) मुख्य शीर्ष ''2047'' - ''भारत प्रतिभूति मुद्रणालय, नासिक - अन्य व्यय'' के अंतर्गत 1193.74 लाख रु. की बचत (6943.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) कुछ मशीनरियों तथा उपस्करों की अधिप्राप्ति न किए जाने के कारण हुई।

3. उपर्युक्त बचतें निम्नलिखित मुख्य शीर्षों के अंतर्गत अधिक व्यय द्वारा आंशिक रूप से प्रतिसंतुलित हो गईं:-

(I) मुख्य शीर्ष ''2046'' - ''करेंसी नोट मुद्रणालय - प्रबंधन''- 262.50 लाख रु. का अधिक व्यय (6216.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) करेंसी नोट मुद्रणालय में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के दूसरे चरण का समावेशन किए जाने तथा मूल वेतन में मंहगाई भत्ते के पचास प्रतिशत का विलयन किए जाने के कारण हुआ।

(II) मुख्य शीर्ष ''2047'' - अधिक व्यय निम्नलिखित शीर्षों के अंतर्गत हुआ:-

(C) “Security Paper Mill” -

(a) “Management”-saving of Rs.293.97 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.3500.30 lakhs) was due to payment of less group incentive and non-payment of adhoc bonus.

(b) “Operation and Maintenance”- saving of Rs.853.86 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.6323.70 lakhs) was due to less procurement of raw materials owing to slow production.

(c) “Other Expenditure” – saving of Rs.102.17 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.674.00 lakhs) was due to non-procurement of certain machineries and equipments.

(D) “Loss on Coinage - Loss on destruction of withdrawn coins”-saving of Rs.279.10 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.390.00 lakhs) was due to less operative losses and less production of coins.

(E) “Mint-Management and Establishment”-saving of Rs.2184.39 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.13240.15 lakhs) was due to payment of less incentive owing to reduction of rates and drastic reduction in production in India Government Mint, Kolkatta.

(III) Under Major Head “2047”- “India Security Press, Nasik- Other Expenditure”- saving of Rs.1193.74 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.6943.00 lakhs) was due to non-procurement of certain machineries and equipments.

3. The above savings were partly offset by excess under the following major heads:-

(I) Major Head “2046”- “Currency Note Press-Management”-excess of Rs.262.50 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.6216.00 lakhs) was due induction of second phase of Central Industrial Security Force in Currency Note Press and merger of fifty percent of dearness allowance into basic pay.

(II) Major Head “2047” – excess occurred under the following heads:-

(का) ''भारत प्रतिभूति मुद्रणालय नासिक'' -

(क) ''प्रचालन तथा रख-रखाव'' - 689.04 लाख रु. का अधिक व्यय (6621.30 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) उच्च दाब विद्युत बिलों के लिए महाराष्ट्र राज्य विद्युत बोर्ड को तथा प्रतिभूति पेपर मिलों को पेपर बिलों के लिए अधिक अदायगी किए जाने के कारण हुआ।

(ख) ''प्रबंधन'' - 384.93 लाख रु. का अधिक व्यय (7106.70 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) मूल वेतन में मंहगाई भत्ते के पचास प्रतिशत का विलयन किए जाने तथा केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल कार्मिक की पूर्ण रूप से तैनाती किए जाने के कारण हुआ।

(खा) ''प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद - प्रचालन और रख-रखाव'' - 117.05 लाख रु. का अधिक व्यय (1448.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) न्यायिकेतर स्टाम्प पेपरों, भारतीय पोस्टल आर्डर तथा न्यायालय शुल्क स्टाम्प के उत्पादन में नई प्रतिभूति विशिष्टताओं को शामिल किए जाने की वजह से प्रतिभूति होलोग्राम की अधिप्राप्ति के लिए अधिक निधियों की आवश्यकता होने के कारण हुआ।

4. अनुदान के पूंजीगत भाग में, बचतें/अधिक व्यय निम्नलिखित मुख्य शीर्षों के अंतर्गत हुईं/हुआ:-

(A) "India Security Press Nasik" -

(a) "Operation and Maintenance"-excess of Rs.689.04 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.6621.30 lakhs) was due to more payment to Maharashtra State Electricity Board for high tension electricity bills and Security Paper Mills for paper bills.

(b) "Management"-excess of Rs.384.93 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.7106.70 lakhs) was due to merger of fifty percent of dearness allowance into basic pay and full deployment of Central Industrial Security Force personnel.

(B) "Security Printing Press, Hyderabad – Operation and Maintenance"- excess of Rs.117.05 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.1448.00 lakhs) was due to requirement of more funds for procuring security hologram owing to introduction of new security features in production of non-judiciary stamp papers, Indian Postal Orders and court fee stamps.

4. In the capital section of the grant, savings/ excess occurred under the following major heads:-

(लाख रुपयों में)
(In lakhs of rupees)

| शीर्ष | Head | | कुल अनुदान Total grant | वास्तविक व्यय Actual expenditure | बचत- Saving– |
|---|---|---|---|---|---|
| मुख्य शीर्ष ''4046'' मुद्रा, सिक्का ढलाई तथा टकसाल पर पूंजीगत परिव्यय | Major Head "4046" Capital Outlay on Currency, Coinage and Mint | | | | |
| मू. | O. | 46250.00 | 26262.48 | 23450.00 | –2812.48 |
| पु. | R. | –19987.52 | | | |
| मुख्य शीर्ष ''4047'' अन्य राजकोषीय सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय | Major Head "4047" Capital Outlay on Other Fiscal Services | | | | |
| मू. | O. | 2900.00 | 2169.58 | 1390.61 | –778.97 |
| पु. | R. | –730.42 | | | |

(I) मुख्य शीर्ष ''4046'' के अंतर्गत बचतें निम्नलिखित शीर्षों के अंतर्गत हुईं:-

(का) ''करेंसी नोट मुद्रणालय'' -

(क) ''भवन'' - 148.49 लाख रु. की बचत (200.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) अग्निशमन प्रणाली को अंतिम रूप न दिए जाने और केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम द्वारा कार्य की धीमी प्रगति होने के कारण हुई।

(ख) ''संयंत्र और मशीनरी'' - 656.99 लाख रु. की बचत (700.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) प्रस्ताव को अंतिम रूप न दिए जाने की वजह से मशीनरियों की अधिप्राप्ति न किए जाने के कारण हुई।

(खा) ''बैंक नोट मुद्रणालय'' -

(क) ''भवन'' - 184.25 लाख रु. की बचत (280.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा केन्द्रीय विद्यालय के निर्माण कार्य में धीमी प्रगति होने के कारण हुई।

(ख) ''संयंत्र और मशीनरी'' - 2625.61 लाख रु. की बचत (2820.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) मंत्रालय द्वारा पुरानी एक लाइन मुद्रण मशीन को प्रतिस्थापित किए जाने के निर्णय को अंतिम रूप न दिए जाने के कारण हुई।

(गा) ''प्रतिभूति पेपर मिल - संयंत्र और मशीनरी'' - 416.13 लाख रु. की बचत (840.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) प्रस्ताव को अंतिम रूप न दिए जाने की वजह से मशीनरियों की अधिप्राप्ति न किए जाने के कारण हुई।

(घा) ''टकसाल - संयंत्र और मशीनरी'' - 819.47 लाख रु. की बचत (1162.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) प्रस्ताव को अंतिम रूप न दिए जाने की वजह से मशीनरी की कम अधिप्राप्ति किए जाने के कारण हुई।

(ङ) ''धातु की खरीद - धातु'' - 18174.91 लाख रु. की बचत (40000.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) तांबा निकल सिक्का ब्लैंकों की अधिप्राप्ति के लिए विश्वव्यापी निविदाओं को अंतिम रूप न दिए जाने के कारण हुई।

(I). Under Major Head “4046”-savings occurred under the following heads:-

(A) “Currency Note Press”-

(a) “Buildings”-saving of Rs.148.49 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.200.00 lakhs) was due to non-finalisation of fire fighting system and slow progress of work by Central Public Works Department/National Building Construction Corporation.

(b) “Plant & Machinery”-saving of Rs.656.99 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.700.00 lakhs) was due to non - procurement of machineries owing to non-finalisation of proposal.

(B) “Bank Note Press”-

(a) “Buildings”-saving of Rs.184.25 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.280.00 lakhs) was due to slow progress of construction work of Central School by Central Public Works Department.

(b) “Plant and Machinery”-saving of Rs.2625.61 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.2820.00 lakhs) was due to non-finalisation of the decision by the Ministry to replace an old one line printing machine.

(C) “Security Paper Mill - Plant and Machinery”-saving of Rs.416.13 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.840.00 lakhs) was due to non-procurement of machineries owing to non-finalisation of proposal.

(D) “Mint- Plant & Machinery”-saving of Rs.819.47 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.1162.00 lakhs) was due to less procurement of machineries owing to non - finalisation of proposal.

(E) “Purchase of Metal – Metals”-saving of Rs.18174.91 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.40000.00 lakhs) was due to non-finalisation of global tenders for procurement of copper nickel coin blanks.

(II) मुख्य शीर्ष ''4047'' के अंतर्गत बचतें निम्नलिखित शीर्षों के अंतर्गत हुईं:-

(का) ''भारत प्रतिभूति मुद्रणालय, नासिक'' -

(क) ''संयंत्र और मशीनरी'' - 753.44 लाख रु. की बचत (1000.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) उच्च प्रौद्योगिकी (हाई-टेक) मशीनों की अधिप्राप्ति के लिए स्वीकृति को अंतिम रूप न दिए जाने के कारण हुई।

(ख) ''भवन'' - 275.14 लाख रु. की बचत (400.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माण कार्य की धीमी प्रगति होने के कारण हुई।

(खा) ''प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद'' - संयंत्र और मशीनरी''- 436.36 लाख रु. की बचत (1430.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) दो बहु रंगीन मशीनों की आपूर्ति में विलंब होने की वजह से सीमाशुल्क की अदायगी न किए जाने के कारण हुई।

(III) एक शीर्ष के अंतर्गत 64.00 लाख रु. की बचत हुई जो स्वीकृत प्रावधान का 64 प्रतिशत थी।

5. उपर्युक्त बचतें मुख्य शीर्ष ''4046'' - ''अप्रचलित तथा नष्ट हुए जब्ती सिक्कों का धातु मूल्य - धातु'' के अंतर्गत अधिक व्यय द्वारा आंशिक रूप से प्रतिसंतुलित हो गईं - 310.72 लाख रु. का अधिक व्यय (71.00 लाख रु. के स्वीकृत प्रावधान की तुलना में) विभिन्न बैंको को प्रयोग न किए जा रहे सिक्कों की अधिक प्राप्ति के लिए अदायगी किए जाने के कारण हुआ।

(II) Under Major Head “4047”-savings occurred under the following heads:-

(A) “India Security Press Nasik”-

(a) “Plant and Machinery”- saving of Rs.753.44 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.1000.00 lakhs) was due to non-finalisation of sanction for procurement of hi-tech machines.

(b) “Buildings”-saving of Rs.275.14 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.400.00 lakhs) was due to slow progress of construction work by Central Public Works Department.

(B) “Security Printing Press, Hyderabad - Plant and Machinery”- saving of Rs.436.36 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.1430.00 lakhs) was due to non-payment of custom duties owing to delay in supplies of two multi colour machines.

(III) Under one head saving of Rs.64.00 lakhs occurred constituting 64 percent of the sanctioned provision.

5. The above savings were partly offset by excess under Major Head – “4046” - “Metal Value of uncurrent and confiscated coins destroyed-Metals”- excess of Rs.310.72 lakhs (against the sanctioned provision of Rs.71.00 lakhs) was due to making payment for more receipt of unused coins to various banks.